मध्यप्रदेश, माध्यमिक शिक्षा मण्डल

शिवाजी नगर, भोपाल पिन–462011

दूरभाष क्रमांक 0755-2578594 E-mail- mpbsevk@gmail.com

क्रमांक / 312 / वि.प्रशि.केन्द्र / 2020 भोपाल, दिनांक 16/12/2020

प्रति,

समस्त प्राचार्य

शासकीय / अशासकीय

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

विषय : माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित ऑनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता करने बावत।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 05 जनवरी 2021 से ऑनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसका विवरण निम्नानुसार है :

1. **माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा अयोजित ऑनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण पूर्णतः निशुल्क प्रदान किया जावेगा।**
2. **शिक्षक प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षणार्थियो का चयन "प्रथम आओ प्रथम पाओ" के आधार पर होगा।**
3. **प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु सहमत प्रशिक्षणार्थी मध्यमिक सिक्षा मण्डल के पोर्टल पर उपलब्ध लिंक पर अपना नामांकन दर्ज करे।**
4. **शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम कक्षा 9 से 12 तक के प्रमुख विषयो पर प्रदान किया जावेगा।**
5. **प्रत्येक विषय के प्रशिक्षण में अधिकतम 100 शिक्षको का चयन किया जावेगा, जिसमे 50 प्रतिशत शासकीय एवं 50 प्रतिशत अशासकीय विधालयो में अध्यापन करवा रहे शिक्षको को जो की मण्डल के पोर्टल पर सूचीबद्ध है उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा।**
6. **प्रत्येक विषय के प्रशिक्षण हेतु एक शाला से केवल एक ही शिक्षक को प्रशिक्षण में सम्मलित किया जावेगा।**
7. **प्रशिक्षण हेतु समस्त शिक्षको का प्रशिक्षण पूर्व एवं पश्चात् आंकलन किया जावेगा।**
8. **सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियो को मण्डल द्वारा प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया जवेगा। उत्क्रष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियो को मण्डल दावरा पुरस्कृत किया जवेगा।**
9. **ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रशिक्षित विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया जावेगा।**
10. **माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा तैयार किये गए शैक्षणिक विडियो यू-ट्यूब पर MPBSE TUTORIALS के नाम से अपलोड किये गए है। प्रशिक्षण के पूर्व सभी शिक्षको को अपने**

विषय से सम्बंधित शैक्षणिक विडियो देखकर आना है, प्रशिक्षण के दौरान उससे सम्बंधित प्रश्न पूछे जावेंगे।

11. असाइनमेंट का नियमित असेसमेंट किया जाकर सम्बंधित शिक्षक को उनकी ई-मेल आईडी पर अवगत कराया जावेगा।

12. विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिदिन लगभग दो घंटे का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जावेगा जिसमे एक घंटे प्रशिक्षण तथा एक घंटे असाइनमेंट/गतिविधियां आदि आयोजित की जावेगी।

13. प्रशिक्षण की विस्तृत रूपरेखा **mpbse.nic.in** पर शीघ्र ही अपलोड की जावेगी।

मण्डल द्वारा आयोजित ऑनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में सिक्षकों को अवगत करवाए।

सचिव

माध्यमिक सिक्षा मण्डल

मध्यप्रदेश, भोपाल